**85.** The content in an EVS textbook should

A. avoid descriptions and definitions

B. discourage rote learning

C. provide opportunities to the child to question and explore

D. give only written information to the child

Select the correct option.

(1) B and C

(2) Only C

(3) A, B and C

(4) A and D

**83.** पर्यावरण अध्ययन में विषय-वस्तु (थीम)-आधारित उपागम को अपनाने के समर्थन में निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क सबसे अधिक सशक्त है?

(1) यह शिक्षण को अधिक रोचक और गतिविधि-आधारित बनाने में मदद करता है।

(2) यह अवधारणाओं, मुद्दों और कौशलों के बृहत् विस्तार को सम्मिलित करने में मदद करता है।

(3) यह विषय-सीमाओं को नरम (सौम्य) बनाने और संपूर्णता में ज्ञान को प्राप्त करने में मदद करता है।

(4) यह पाठ-योजनाओं को एक ढाँचा प्रदान करने और शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करता है।

**84.** प्राथमिक कक्षाओं में पर्यावरण अध्ययन को सिखाने-सीखने में कहानियाँ एक महत्त्वपूर्ण पहलू हैं। पर्यावरण अध्ययन के कक्षा-कक्ष में कहानी सुनाने को शिक्षण-कौशल के रूप में सम्मिलित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा **सबसे कम** उपयुक्त कारण है?

(1) कहानियाँ अनेक विषय-क्षेत्रों को छूती हैं।

(2) कहानियाँ कक्षा प्रबंधन में सहायता करती हैं।

(3) कहानियाँ पर्यावरण अध्ययन अवधारणाओं से संबंध जोड़ने के लिए संदर्भ उपलब्ध कराती हैं।

(4) कहानियों में व्यक्तियों के अनुभव शामिल होते हैं।

**85.** पर्यावरण अध्ययन पाठ्य-पुस्तक की विषय-वस्तु में

A. परिभाषाओं और व्याख्यानों को दूर रखा जाना चाहिए

B. रटकर सीखने को हतोत्साहित करना चाहिए

C. बच्चे को प्रश्न करने और खोजने का मौका मिलना चाहिए

D. बच्चे को केवल लिखित जानकारी दी जानी चाहिए

सही विकल्प को चुनिए।

(1) B और C

(2) केवल C

(3) A, B तथा C

(4) A और D

**86.** Which one of the following statements about assessment procedures is **least** appropriate?

(1) Preparing a list of learning indicators and sub-indicators makes the reporting more detailed.

(2) Remarks like 'fair', 'good' and 'very good' give an understanding about a child's learning.

(3) Portfolios of children should not contain only their best work but all kinds of work.

(4) Giving personal details and individual feedback to a child is a desirable practice.

**87.** Read the following question carefully :

"Have you ever seen animals around your house or school that have small babies? Write their names in the notebook."

Which process skill is assessed through this question?

(1) Hypothesis and experimentation

(2) Concern for justice

(3) Observation and recording

(4) Classification and discussion

**88.** Interdisciplinary nature of EVS addresses environmental issues by using the contents and methods of

(1) social science and environmental education

(2) science

(3) science, social science and environmental education

(4) science and social science

**86.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन आकलन प्रक्रियाओं के बारे में **सबसे कम** उपयुक्त है?

(1) सीखने के संकेतकों और उप-संकेतकों की सूची बनाना रिपोर्टिंग को अधिक विस्तृत बनाता है।

(2) 'ठीक', 'अच्छा' और 'बहुत अच्छा' जैसी टिप्पणियाँ बच्चे के सीखने के बारे में एक समझ प्रदान करती हैं।

(3) बच्चों के पोर्टफोलियो में केवल उनके सबसे बेहतर कार्य न होकर सभी तरह के कार्य होने चाहिए।

(4) बच्चे को निजी विवरण और वैयक्तिक पृष्ठपोषण (फीडबैक) देना वांछनीय अभ्यास है।

**87.** दिए गए प्रश्न को ध्यान से पढ़िए :

"क्या आपने अपने घर या स्कूल के आस-पास जानवर देखे हैं जिनके छोटे बच्चे हैं? अपनी नोटबुक में उनके नाम लिखिए।"

इस प्रश्न के माध्यम से किस प्रक्रमण कौशल का आकलन किया गया है?

(1) परिकल्पना एवं प्रयोग करना

(2) न्याय के लिए सरोकार

(3) अवलोकन एवं रिकॉर्डिंग

(4) वर्गीकरण एवं चर्चा

**88.** पर्यावरण अध्ययन की अंतःविषयी प्रकृति पर्यावरणीय मुद्दों को _____ द्वारा संबोधित करती है।

(1) सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा की विषय-वस्तु और पद्धति के प्रयोग

(2) विज्ञान की विषय-वस्तु और पद्धति के प्रयोग

(3) विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा की विषय-वस्तु और पद्धति के प्रयोग

(4) विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की विषय-वस्तु और पद्धति के प्रयोग

89. The teacher of Class V-A gave the question :

A. Write five advantages of trees.

While the teacher of Class V-B gave the question :

B. What would happen if there were no trees on the earth?

What is the nature of these questions?

(1) A is open-ended, convergent and B is close-ended, divergent

(2) A is open-ended, divergent and B is close-ended, convergent

(3) A is close-ended, divergent and B is open-ended, convergent

(4) A is close-ended, convergent and B is open-ended, divergent

90. Which of the following is/are true about assessing learners in EVS in Class I?

A. Oral tests, as children may not be able to write

B. Drawing, as children enjoy it

C. Teachers' observation and recording

D. There is no need of assessment in view of 'no detention policy'

(1) Only D

(2) A and B

(3) C and D

(4) A, B and C

89. कक्षा V-A के शिक्षक एक सवाल देते हैं :

A. पेड़ों के पाँच लाभ लिखिए।

जबकि कक्षा V-B के शिक्षक निम्न सवाल देते हैं :

B. क्या होगा अगर धरती पर कोई पेड़ न हो?

इन सवालों की प्रकृति कैसी है?

(1) A मुक्त अंत वाला, अभिसारी है और B बद्ध अंत वाला, अपसारी है

(2) A मुक्त अंत वाला, अपसारी है और B बद्ध अंत वाला, अभिसारी है

(3) A बद्ध अंत वाला, अपसारी है और B मुक्त अंत वाला, अभिसारी है

(4) A बद्ध अंत वाला, अभिसारी है और B मुक्त अंत वाला, अपसारी है

90. कक्षा I में पर्यावरण अध्ययन में शिक्षार्थियों के आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

A. मौखिक परीक्षाएँ, क्योंकि हो सकता है कि बच्चे लिखने में सक्षम न हों

B. ड्रॉइंग, क्योंकि बच्चों को इसमें आनन्द आता है

C. शिक्षकों का अवलोकन और रिकॉर्डिंग

D. 'किसी को न रोकें नीति' को ध्यान में रखते हुए आकलन की कोई आवश्यकता नहीं है

(1) केवल D

(2) A और B

(3) C और D

(4) A, B तथा C

## PART—IV
## Language—I
### ENGLISH

**IMPORTANT** : Candidates should attempt questions from **Part—IV (Q. Nos. 91–120)**, if they have opted **ENGLISH** as **Language—I** only.

***Directions*** : Answer the following questions (Q. Nos. **91** to **105**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

**91.** Which one of the following is the most important prerequisite for language learning?

(1) List of aims and objectives of the language to be learnt

(2) Providing a good textbook to children to learn the language

(3) Using structural-situational approach while teaching

(4) Children's motivation to learn the language

**92.** A teacher asks students of Class III to describe their best friend. She writes the students' responses on the blackboard. At last, she states that all these describing words on the blackboard are adjectives. This is

(1) Incidental method

(2) Inductive method

(3) Deductive method

(4) Immersion method

**93.** The rise and fall of tone is

(1) Pronunciation

(2) Stress

(3) Strain

(4) Intonation

**94.** Which one of the following is the most important about storytelling?

(1) It enhances graded pattern and structure.

(2) It promotes whole language approach.

(3) It is an effective way of learning vocabulary.

(4) It broadens their knowledge about various authors.

**95.** Dictation **does not** help learners to

(1) improve their reading skill

(2) improve their spelling

(3) enhance their listening comprehension

(4) increase their concentration

**96.** An English teacher after completing a chapter from the textbook asks questions based on the text to

(1) keep students busy as the chapter is complete

(2) attract students' attention

(3) know their comprehension

(4) maintain class discipline

**97.** Shreya, a teacher of Class IV, asked the learners to complete the dialogue in the given boxes and then to role-play the same using their dialogues. She is developing

(1) all, listening, writing, reading and speaking skills

(2) listening and speaking skills

(3) reading and writing skills

(4) speaking and writing skills

**98.** Which one of the following **cannot** be used in formative assessment?

(1) Olympiad

(2) Retelling stories

(3) Role play

(4) Debate

**99.** Teaching-Learning Material (TLM) should be used by teachers as it

(1) motivates learners to further prepare such material at home

(2) supplements teaching-learning process

(3) prepares students mentally to sit in the class

(4) is not very expensive

**100.** While learning English as a second language

(1) there is no role of mother tongue in learning L2

(2) the use of mother tongue will facilitate learning

(3) the use of mother tongue will create interference

(4) the mother tongue should not be used by the learners

**101.** The process of assessment in a language class should be conducted

(1) for assessing the textual exercises at the end of the chapter

(2) to know the level of students in the class

(3) to know the efficiency of teachers in teaching

(4) during the teaching-learning process

**102.** As per the National Curriculum Framework (NCF), 2005, multilingualism in learning a language should be seen as a

(1) challenge for teachers to manage such classes

(2) hindrance in teaching-learning English

(3) resource in teaching-learning English

(4) challenge for students to learn many languages

**103.** The most important factor which is responsible for the differentiation between language learning and language acquisition is

(1) grammar of language

(2) assessment in language

(3) textbook of language

(4) language environment

**104.** Which one of the following is an essential characteristic of a good textbook in English?

(1) Every lesson should have a proper introduction at the beginning and a conclusion at the end.

(2) It should be based on the guiding principles of curriculum and syllabus.

(3) No difficult words should be given in the textbook at primary level.

(4) The maximum number of textual exercises should be given to practise at the end of the lesson.

**105.** The maximum participation of students is possible while teaching English by the teacher using authentic tasks through

(1) communicative approach

(2) grammar translation method

(3) direct method

(4) structural approach

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **106** to **114**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

As I kept strict watch over my way of living, I could see that it was necessary to economize. I, therefore, decided to reduce my expenses by half. My accounts showed numerous items spent on fares. Again, my living with a family meant the payment of a regular weekly bill. It also included the courtesy of occasionally taking members of the family out to dinner, and likewise attending parties with them. All this involved heavy items for conveyances, especially as, if the friend was a lady, custom required that the man should pay all the expenses. Also, dining out meant extra cost, as no deduction could be made from the regular weekly bill for meals not taken. It seemed to me that all these items could be saved, as likewise the drain on my purse. So I decided to take rooms on my own account, instead of living any longer in a family, and also to remove from place to place according to the work I had to do, thus gaining experience at the same time. The rooms were so selected as to enable me to reach the place of business on foot in half an hour, and so save fares. Before this I had always taken some kind of conveyance whenever I went anywhere, and had to find extra time for walks. The new arrangement combined walks and economy, as it meant a saving of fares and gave me walks of eight or ten miles a day. It was mainly this habit of long walks that kept me practically free from illness throughout my stay in England and gave me a fairly strong body.

Thus I rented a suite of rooms; one for a sitting room and another for a bedroom. This was the second stage. The third was yet to come.

**106.** The author could reduce his expenses by half by

(1) renting rooms close to his office

(2) travelling in a bus

(3) cooking his own meals

(4) having only one meal a day

**107.** _____ constituted a major part of the author's expenses.

(1) Fares

(2) Dining out

(3) Entertainment

(4) Meals

**108.** The author's choice of his new residence enabled him to

(1) work longer and harder

(2) save money on fares

(3) keep things under control

(4) be close to his friends

**109.** What gave the author a fairly strong body?

(1) Self-discipline

(2) Nourishing food

(3) Long walks

(4) Yogic exercises

**110.** The steps taken by the author to reduce his expenses show that he was

(1) always short of money

(2) saving money for emergencies

(3) miserly

(4) frugal

**111.** The word 'numerous' most nearly means

(1) many

(2) goodness

(3) politeness

(4) enormous

**112.** The word which is opposite in meaning to 'courtesy' is

(1) vulgarity

(2) immodesty

(3) rudeness

(4) aggression

**113.** Which 'part of speech' is the underlined word in the sentence given below?

"I decided to reduce my expenses <u>by</u> half."

(1) Adjective

(2) Adverb

(3) Noun

(4) Preposition

**114.** "The new arrangement combined walks and economy."

The 'voice' in the above sentence has been correctly changed in

(1) Walks and economy are combined in the new arrangement.

(2) Walks and economy were combined in the new arrangement.

(3) Walks and economy have been combined by the new arrangement.

(4) The new arrangement had combined walks and economy.

**Directions** : Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **115** to **120**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

*How soon hath Time, the subtle thief of youth,* (1)
*Stol'n on his wing my three-and-twentieth year!* (2)
*My hasting days fly on with full career,*
*But my late spring no bud or blossom shew'th.*
*Perhaps my semblance might deceive the truth*
*That I to manhood am arriv'd so near;*
*And inward ripeness doth much less appear,*
*That some more timely-happy spirits endu'th.*
*Yet be it less or more, or soon or slow,*
*It shall be still in strictest measure ev'n*
*To that same lot, however mean or high,*
*Toward which Time leads me, and the will of Heav'n:*

**115.** The poet presents 'Time' as a/an

(1) spirit

(2) friend

(3) thief

(4) enemy

**116.** The poet regrets that

(1) his teachers are not happy with his progress

(2) his academic progress has been very slow

(3) he is not popular with his peers

(4) he has not attained inner maturity

**117.** The poet envies his friends, because they

(1) are popular with their friends

(2) are blessed with robust health

(3) have attained inward ripeness

(4) have achieved name and fame

**118.** The inner maturity the poet longs for will come

(1) with the help of teachers

(2) by the will of God

(3) through hard work

(4) with the help of peers

**119.** The poet is _____ about his future.

(1) unconcerned

(2) cynical

(3) optimistic

(4) pessimistic

**120.** The 'figure of speech' used in lines 1 and 2 is

(1) a hyperbole

(2) an irony

(3) a simile

(4) personification

## भाग—IV

## भाषा—I

### हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग—IV (प्र० सं० 91–120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा—I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **91–105**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

**91.** भाषा सीखने का उद्देश्य है

(1) आदेश-निर्देश दे पाना और सुन पाना

(2) दूसरों की बातों को समझ पाना

(3) अपने मन की बात कह पाना

(4) प्रत्येक स्थिति में भाषा का प्रयोग कर पाना

**92.** "बच्चों के भाषाई विकास में समाज की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।" यह विचार किसका है?

(1) स्किनर

(2) चॉम्स्की

(3) वाइगोत्स्की

(4) पियाजे

**93.** विद्यार्थियों का भाषाई विकास समग्रता से हो सके, इसके लिए सबसे उपयुक्त अनुशंसा होगी

(1) भाषा प्रयोग के विविध अवसरों की

(2) सतत एवं व्यापक आकलन की

(3) सर्वोत्कृष्ट पाठ्य-पुस्तकों की

(4) शब्दकोश एवं विश्वकोश के प्रयोग की

**94.** लिखित भाषा का प्रयोग

(1) कार्यालयी कार्यों के लिए ही किया जाता है

(2) अपनी अभिव्यक्ति के लिए किया जाता है

(3) केवल साहित्य सृजन के लिए किया जाता है

(4) केवल प्रतिवेदन-लेखन के लिए किया जाता है

**95.** भाषा की कक्षा में भाषाई खेलों का आयोजन मुख्यतः

(1) आकलन का काम करता है

(2) रोचकता और जोश लाता है

(3) अध्यापक के काम को सरल बनाता है

(4) भाषा सीखने की प्रक्रिया में स्वाभाविकता लाता है

**96.** कविता-कहानियों पर चर्चा करने एवं प्रश्न पूछने का उद्देश्य

(1) कल्पनाशीलता का पोषण करना मात्र है

(2) भाषा सीखने का आकलन करना मात्र है

(3) साहित्य के प्रति बच्चों की रुचि जाग्रत करना है

(4) भाषा की विभिन्न छटाओं का अनुभव कराना है

97. भाषा का अस्तित्व एवं विकास _____ के बाहर नहीं हो सकता।

(1) साहित्य

(2) समाज

(3) विद्यालय

(4) परिवार

98. किसी समावेशी कक्षा में कौन-सा कथन भाषा-शिक्षण के सिद्धांतों के अनुकूल है?

(1) बच्चे अपने अनुभवों के आधार पर भाषा के नियम नहीं बना पाते।

(2) भाषा विद्यालय में रहकर अर्जित की जाती है।

(3) व्याकरण के नियमों का ज्ञान भाषा-विकास की गति त्वरित करता है।

(4) प्रिंट-समृद्ध माहौल भाषा सीखने में मदद करता है।

99. प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के भाषा-शिक्षण के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

(1) बच्चे समृद्ध भाषिक परिवेश में सहज रूप से स्वतः भाषा में सुधार कर सकते हैं।

(2) बच्चों की भाषाई संकल्पनाओं और विद्यालय के भाषाई परिवेश में विरोधाभासी भाषा सीखने में मदद करता है।

(3) बच्चे भाषा की जटिल और समृद्ध संरचनाओं का ज्ञान विद्यालय में ही अर्जित करते हैं।

(4) सतत रूप से की जाने वाली टिप्पणियाँ एवं अनवरत अभ्यास भाषा सीखने में रुचि उत्पन्न करते हैं।

100. प्राथमिक स्तर की कक्षा में भिन्न-भिन्न प्रांतों के अलग-अलग भाषा बोलने वाले बच्चों का नामांकन हुआ है। ऐसी स्थिति में भाषा की कक्षा बच्चों के भाषाई विकास के संदर्भ में

(1) अवरोध ही प्रस्तुत करती है

(2) बहुत बड़ी समस्या बन जाती है

(3) अनमोल संसाधन के रूप में कार्य करती है

(4) जटिल चुनौती के रूप में सामने आती है

101. पहली कक्षा की भाषा अध्यापिका अपने एक विद्यार्थी के भाषाई विकास के संबंध में चिंतित हैं, क्योंकि

(1) विद्यार्थी को घर पर बात करने के बहुत कम अवसर मिलते हैं

(2) विद्यार्थी के माता और पिता की मातृभाषा अलग-अलग है

(3) विद्यार्थी अपने साथियों से बहुत झगड़ता है

(4) विद्यार्थी पठन-पाठन में रुचि प्रदर्शित नहीं करता है

102. बच्चों के बोलना सीखने के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

(1) बड़े परिवार में बच्चों की 'बोलना' सीखने की गति तेज़ होती है।

(2) निर्धन परिवारों से आए बच्चों की 'बोलना' सीखने की गति धीमी होती है।

(3) कहने-सुनने के अधिक से अधिक अवसर मिलने पर बच्चे बोलना सरलता से सीखते हैं।

(4) सभी बच्चों की 'बोलना' सीखने की गति एकसमान होती है।

**103.** विद्यालय/कक्षा में समृद्ध भाषाई परिवेश से तात्पर्य है

(1) बोलने-सुनने, पढ़ने-लिखने के अधिक से अधिक अवसर

(2) एक से अधिक भाषाओं के शब्दकोश की उपलब्धता

(3) अध्यापक को एक से अधिक भाषाओं की जानकारी

(4) मुख्य धारा की भाषा सुनने के अधिक से अधिक अवसर

**104.** अपने विद्यार्थियों के भाषा संबंधी क्रमिक विकास का आकलन करने के लिए आपकी निर्भरता मुख्य रूप से किस पर है?

(1) मौखिक कार्य करवाने पर

(2) गृहकार्य की उत्तर-पुस्तिकाओं के अवलोकन पर

(3) कक्षाकार्य के अवलोकन पर

(4) पोर्टफोलियो के अवलोकन पर

**105.** आपके विद्यार्थी पाठ में आए नवीन/अपरिचित शब्दों के अर्थ जान सकें, इसके लिए आप

(1) शब्दकोश देखना सिखाएँगी

(2) शब्द का अर्थ लिखकर बताएँगी

(3) पाठ के संदर्भ में अर्थ समझने की स्थिति पैदा करेंगी

(4) पाठ के अंत में दिए गए 'शब्दार्थ' देखने के लिए कहेंगी

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **106–114**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

माँ : रमेश, मीना क्यों रो रही है?

रमेश : मैंने चाँटा मारा था। मुझे पढ़ने नहीं दे रही थी।

माँ : लेकिन तुम इस समय क्यों पढ़ रहे हो? यह भी कोई पढ़ने का समय है? क्या आजकल पढ़ाई चौबीसों घंटे की हो गई? दिमाग है या मशीन? और क्या पढ़ने के लिए बहन को पीटना ज़रूरी है?

रमेश : माँ, पढ़ूँगा नहीं तो कक्षा में अव्वल कैसे आऊँगा? मुझे तो फर्स्ट आना है। तुम भी तो यही कहती थी।

माँ : हाँ, कहती थी, पर तुम? हर वक्त खेल-खेल-खेल। फर्स्ट आना था तो शुरू से पढ़ा होता। अब जब परीक्षाएँ सर पर आ गईं तो रटने बैठे हो! तुम क्या समझते हो कि ऐसे रटने से अव्वल आ जाओगे? अरे! पढ़ना थोड़ी देर का ही काफी होता है, अगर नियम से मन लगाकर पढ़ा जाए।

रमेश : अब रहने दो माँ। मैं आज खेलने भी नहीं जाऊँगा। कोई आए तो मना कर देना। अब मुझे पढ़ने दो—"अकबर का जन्म... अकबर का जन्म... अमरकोट में हुआ था... अमरकोट में..."

माँ : अकबर का जन्म जहाँ भी हुआ हो, तुम्हारा जन्म यहीं हुआ है और मैं तुम्हें रट्टू तोता नहीं बनने दूँगी। पढ़ने के समय पढ़ना और खेलने के समय खेलना अच्छा होता है।

**106.** मीना और रमेश हैं, परस्पर

(1) भाई-बहन

(2) सहपाठी

(3) रिश्तेदार

(4) मित्र

**107.** रमेश ने मीना की पिटाई की, क्योंकि वह

(1) अक्सर शैतानियाँ करती थी

(2) पढ़ नहीं रही थी

(3) पढ़ने नहीं दे रही थी

(4) कक्षा में अव्वल आ सकती थी

**108.** कक्षा में प्रथम आने के लिए आवश्यक है

(1) खेलकूद छोड़ देना

(2) रात-दिन पढ़ाई करना

(3) पढ़ाई के दिनों परिश्रम करना

(4) शुरू से नियमित पढ़ाई करना

**109.** "यह भी कोई पढ़ने का समय है?" प्रश्न का आशय है

(1) यह समय पढ़ने का नहीं है

(2) यह भी पढ़ने का एक समय है

(3) यह पढ़ने का ही कोई समय है

(4) पढ़ने का कोई समय नहीं होता

**110.** जो शब्द शेष से भिन्न हो, उसे छाँटिए।

(1) प्रथम

(2) अव्वल

(3) फर्स्ट

(4) परीक्षा

**111.** कौन-सा विशेषण रमेश के लिए उपयुक्त है?

(1) लापरवाह

(2) पढ़ाकू

(3) परिश्रमी

(4) रट्टू तोता

**112.** 'पर तुम?' का भाव है

(1) पर तुम पढ़ते ही रहे

(2) पर तुमने ध्यान नहीं दिया

(3) पर तुमने रटना ही सीखा

(4) पर तुमने पढ़ना छोड़ दिया

**113.** अकबर का जन्म कहाँ हुआ था?

(1) अमरकोट

(2) दिल्ली

(3) फतहपुरी

(4) आगरा

**114.** 'बहुत निकट आना' के लिए मुहावरा है

(1) तोता रटंत

(2) पास आना

(3) सर पर आना

(4) अव्वल आना

**निर्देश :** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **115–120**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए।

जीवन के इस मोड़ पर
कुछ भी कहा जाता नहीं।
अधरों की ड्योढ़ी पर
शब्दों के पहरे हैं।
हँसने को हँसते हैं
जीने को जीते हैं
साधन-सुभीतों में
ज्यादा ही रीते हैं।
बाहर से हरे-भरे
भीतर घाव मगर गहरे
सबके लिए गूँगे हैं—
अपने लिए बहरे हैं।

**115.** "कुछ भी कहा जाता नहीं"—ऐसा क्यों?

(1) बंधन और बेबसी के कारण

(2) गूँगा होने के कारण

(3) भीतर के घावों के कारण

(4) साधन सुविधाओं के अभाव के कारण

**116.** कविता की पंक्तियों में मुख्यतः बात की गई है

(1) घावों के हरे-भरे होने की

(2) गूँगा-बहरा होने की

(3) साधन-सुभीतों की

(4) कुछ भी न कह पाने की विवशता की

**117.** 'रीते' शब्द में भाव है

(1) परायेपन का

(2) खालीपन का

(3) खोखलेपन का

(4) अपनेपन का

**118.** कविता की पंक्तियों के आधार पर कहा जा सकता है कि

(1) कवि घावों के गहरे होने से दुखी है

(2) कवि के जीवन में बहुत अभाव है

(3) कवि कुछ भी करने की स्थिति में नहीं है

(4) कवि कुछ भी कहने या सुन पाने की स्थिति में नहीं है

**119.** 'ड्योढ़ी' का अर्थ है

(1) देहरी

(2) दरवाज़ा

(3) चौखट

(4) घर

**120.** 'भीतर के घाव' से तात्पर्य है

(1) घर के भीतर की अशांति

(2) हृदय की पीड़ा

(3) अंदरूनी चोट

(4) शारीरिक क्षति

## PART—V
## Language—II
### ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part—V (Q. Nos. 121–150)**, if they have opted **ENGLISH** as **Language—II** only.

***Directions*** : Answer the following questions (Q. Nos. **121** to **135**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

**121.** Stephen Krashen's theory of second language acquisition **does not** consist of

(1) the Input Hypothesis

(2) the Acquisition Learning Hypothesis

(3) the Learnability Hypothesis

(4) the Natural Order Hypothesis

**122.** The use of dictionary **does not** help learners to

(1) be proficient in oral communication

(2) find the meaning of words

(3) check the part of speech of a word

(4) find out how to say a word

**123.** Constructivism in language learning focuses on

(1) engaging learners in exploring new knowledge

(2) the role of imitation

(3) memorizing grammar rules

(4) the dominant role of the teacher in the classroom

**124.** The major objective of teaching English at primary level is

(1) speaking English in British accent

(2) scoring good marks in the exams

(3) knowing the grammar of English

(4) using English in different situations of life

**125.** In learning a language, students' talking time should be increased because

(1) teachers feel relaxed while students are talking

(2) they enjoy spending time talking with their friends

(3) they can learn the correct pronunciation from each other

(4) they use the target language for various purposes

**126.** A teacher of Class V is planning to teach grammar. Which one of the following might be a good strategy for teaching grammar?

(1) Asking students to carefully note down the rules from the blackboard

(2) Giving clear explanations of the rules with examples

(3) Asking students to do drill work only to learn rules

(4) Giving the practice of grammar in context as a strategy

**127.** Which one of the following is **not** true in relation to the use of children literature?

(1) Their reading proficiency deteriorates and gets worse.

(2) It helps in developing learners' imagination.

(3) It broadens their mental horizon.

(4) It makes them understand and respect diverse cultures.

**128.** While assessing a group work, a teacher **should not** focus on

(1) cooperative learning process

(2) assessing each child's work

(3) taking initiatives in work

(4) showing concern for others

**129.** A diagnostic test in English will help the language teacher to identify

(1) slow learners in her class

(2) learning difficulties the learner faces in English

(3) the topic which the learner has not learnt by heart

(4) intelligent learners in her class

**130.** While teaching English, a teacher is not able to draw attention of some students sitting at the back. She should

(1) stop explaining the concept and start dictating the notes to students

(2) scold them for not paying attention

(3) ignore them and carry on

(4) engage them by asking questions and evaluating her teaching method

**131.** When a child learns a language naturally, without much practice, it is called

(1) language adaptation

(2) language learning

(3) language acquisition

(4) language generalization

**132.** The communicative approach to teach English focuses on

(1) correct pronunciation of words

(2) linguistic competence plus an ability to use the language appropriately

(3) the practice of selected and graded structure patterns

(4) the structural accuracy of the sentences

133. Which one of the following is most important in developing reading skill at primary level?

(1) Ability to comprehend the text already read

(2) Only knowing the correct order of alphabet

(3) Ability to read words correctly

(4) Ability to read phrases correctly

134. While reading, a learner needs to

(1) translate the written symbols into corresponding sounds to grasp their meaning

(2) perceive and decode letters in order to read words

(3) understand every word to grasp the meaning of the text

(4) guess the contextual meaning of new words to understand the text

135. Diphthongs are

(1) double consonant sounds

(2) vowel sounds

(3) double vowel sounds

(4) consonant sounds

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **136** to **143**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

Raja Ram Mohan Roy is considered the pioneer of modern Indian Renaissance for the remarkable reforms he brought about in the 18th century India. Among his efforts, the abolition of the Sati-pratha—a practice in which the widow was compelled to sacrifice herself on the funeral pyre of her husband—was prominent. His efforts were also instrumental in eradicating the Purdah system and child marriage. In 1828, Ram Mohan Roy formed the Brahmo Samaj, a group of people, who had no faith in idol-worship and were against the caste restrictions.

Raja Ram Mohan Roy's father was a wealthy Brahmin and strictly performed the duties set by the religion. Ram Mohan himself was also devoted to Lord Vishnu and in his 14th year, he wanted to become a monk but his mother, Tarini Devi objected to his desire.

Ram Mohan viewed education as a medium to implement the social reforms. So, in 1815, Ram Mohan came to Calcutta and the very next year, started an English College by putting in his own savings. He was well aware that the students should learn the English language and scientific subjects and that's why he criticized the

government's policy of opening only Sanskrit schools. According to him, Indians would lag behind if they do not get to study modern subjects like Mathematics, Geography and Latin. The government accepted this idea of Ram Mohan and also implemented it but not before his death. Ram Mohan was also the first to give importance to the development of mother tongue. His *Gaudiya Byakaran* in Bengali is the best of his prose works. Rabindranath Tagore and Bankimchandra also followed in the footsteps of Ram Mohan Roy.

Ram Mohan Roy was a staunch supporter of free speech and expression and fought for the rights of Vernacular Press. He also brought out a newspaper in Persian called *Miratul-Akhbar* (the Mirror of News) and a Bengali weekly called *Sambad Kaumudi* (the Moon of Intelligence). In those days, items of news and articles had to be approved by the government before being published. Ram Mohan protested against this control by arguing that newspapers should be free and that the truth should not be suppressed simply because the government did not like it.

**136.** Raja Ram Mohan Roy is known for his

(1) literary reforms

(2) political reforms

(3) social reforms

(4) economic reforms

**137.** When he was a teenager, Raja Ram Mohan Roy expressed his desire to become a

(1) monk

(2) teacher

(3) businessman

(4) journalist

**138.** Raja Ram Mohan Roy believed that Indians would lag behind if they

(1) did not learn traditional skills

(2) gave up study of Sanskrit

(3) did not study modern subjects

(4) forgot their cultural roots

**139.** Raja Ram Mohan Roy strongly supported

(1) physical education

(2) freedom of speech and expression

(3) moral education

(4) rituals and observances

**140.** The word 'eliminating' most nearly means

(1) eradicating

(2) banning

(3) dismissing

(4) banishing

**141.** The word which is opposite in meaning to 'encouraged' is

(1) misled

(2) disheartened

(3) suppressed

(4) crushed

**142.** Which 'part of speech' is the underlined word in the sentence given below?

"He was a staunch supporter of free speech and expression."

(1) Conjunction

(2) Noun

(3) Adverb

(4) Adjective

**143.** "Raja Ram Mohan Roy viewed education ... ."

The 'voice' in the above sentence has been correctly changed in

(1) Education is viewed ....

(2) Education has been viewed ....

(3) Education had been viewed ....

(4) Education was viewed ....

***Directions*** **:** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **144** to **150**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

Your body is made up of sixty percent water and you lose the essential fluid every minute of every day as you breathe, digest, and hopefully work up a sweat. It is important that you put back every drop. Starting now, drink eight 230 ml glasses of water every single day—that's the minimum your body needs daily. That is the non-negotiable sugar savvy hydration Mantra. Many times when you think you're hungry, sleepy, depressed, and/or irritated, you're actually just dehydrated. Drinking enough water actually helps you combat water retention. Sounds counterintuitive, but think about it. If you are running around in a semi-dehydrated state all the time, your body is going to hang on to every single drop, giving you that puffy, unhealthy appearance. When you are properly hydrating, your body gets the message that all systems are operating smoothly and it continues its work of flushing out your system and ridding itself of the excess fluids.

If your goal is to lose weight, water is a must. When you're dehydrated, your body sends out signals that you need assistance. Many people mistake those thirsty SOS signals for hunger and take in hundreds of extra calories. They also

don't solve the real problem—thirst! Drinking water can be a powerful appetite suppressant and allows you to cue into your real hunger. Your body also needs plenty of water for proper digestion, so you can get the most from the foods you eat. You are less susceptible to food cravings when your stomach is full and you're getting all the nutrients you need. Drink two glasses of water before every meal—you'll eat less! Your body uses water for fat.

**144.** _____ helps fight water retention.

(1) Drinking enough water

(2) Exercising regularly

(3) A regular morning walk

(4) Having a balanced diet

**145.** Our systems operate satisfactorily

(1) when we enjoy a sound sleep

(2) when we are properly hydrated

(3) if we consume lots of fruits and vegetables

(4) if excess fat is reduced

**146.** The best way to lose weight is to

(1) take weight-reducing pills

(2) exercise at least twice a day

(3) drink plenty of water

(4) eat less starchy food

**147.** When we are dehydrated, we think we

(1) want to vomit

(2) are tired

(3) need food

(4) are about to collapse

**148.** The word 'irritated' most nearly means

(1) troubled

(2) uneasy

(3) frustrated

(4) annoyed

**149.** The word which is opposite in meaning to 'assistance' is

(1) resistance

(2) persistence

(3) existence

(4) fragrance

**150.** "Your body uses water for fat."

The 'voice' in the above sentence has been correctly changed in

(1) Water could be used for fat by our body.

(2) Water is being used by our body for fat.

(3) Water is used for fat by your body.

(4) Water was used for fat by our body.

## भाग—V

## भाषा—II

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी भाग—V (प्र० सं० 121–150) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा—II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० 121–135) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

**121.** साधारण तौर पर शिक्षक यह समझते हैं कि बच्चों को लिखना तब सिखाना चाहिए जब उन्हें वर्णों की पहचान हो जाए। यह विचार पूरी तरह से

(1) सही एवं स्वीकार्य है

(2) वैज्ञानिक है

(3) बाल स्वभाव के अनुकूल है

(4) अवैज्ञानिक है

**122.** प्राथमिक स्तर की कक्षा के संदर्भ में नीचे दी गई किस स्थिति में वास्तव में लेखन हो रहा है?

(1) श्यामपट्ट पर लिखे हुए को समझकर लिख रहे हैं।

(2) दो-दो के समूह में चर्चा करने के बाद विद्यार्थी अपनी-अपनी पुस्तिका में लिख रहे हैं।

(3) पाठ्य-पुस्तक से देखकर बोल-बोल कर लिख रहे हैं।

(4) पाठ्य-पुस्तक से पढ़कर, याद करके लिख रहे हैं।

**123.** कक्षा एक के बच्चों का गृहकार्य जाँचते समय आप पाते हैं कि कुछ बच्चों के अक्षरों की बनावट टेढ़ी-मेढ़ी है। आप

(1) उन्हें स्वयं ही सुधार करने के लिए समय देंगे

(2) उनकी लिखाई की निंदा करेंगे

(3) उन्हें पुनः लिखकर लाने के लिए कहेंगे

(4) उन्हें सीधी रेखा में लिखकर दिखाएँगे

**124.** भाषा के पाठ्यक्रम में कहानी का शैक्षणिक प्रयोग मुख्यतः इसलिए जरूरी है, क्योंकि इससे बच्चे

(1) स्मरण-क्षमता का विकास करते हैं

(2) उच्चारण संबंधी गलतियों में सुधार करते हैं

(3) पढ़ना-लिखना सीखते हैं

(4) व्याकरण के नियमों को कंठस्थ कर पाते हैं

**125.** कहानी सुनते समय बच्चे कहानी के लंबे-लंबे वाक्यों से घबराते नहीं हैं, बशर्ते वाक्य

(1) सार्थक तथा मज़ेदार हों

(2) ज़ोर से बोले गए हों

(3) पहले से सुने हुए हों

(4) सीधे व सरल हों

**126.** पढ़ना सीखने का वास्तव में सबसे अच्छा तरीका यह है कि बच्चे

(1) बिना मात्रा वाले शब्दों की वर्तनी बता सकें

(2) चित्र के साथ अनुमान लगाना सीखें

(3) सबसे पहले वर्णों की पहचान करना सीखें

(4) बारहखड़ी अच्छी तरह से याद करें

**127.** यदि पठन सामग्री के साथ चित्र हों, तो

(1) चित्रकार की भूमिका के महत्त्व का पता चलता है

(2) पठन सामग्री का आकर्षण बढ़ जाता है

(3) लिखे हुए के बारे में अनुमान लगाना आसान हो जाता है

(4) पठन सामग्री की गुणवत्ता में वृद्धि होती है

**128.** एक तीन साल के बच्चे से किसी भी ऐसे विषय पर बातचीत की जा सकती है, जो उसके _____ दायरे में आता हो।

(1) सामाजिक

(2) भावनात्मक

(3) सांस्कृतिक

(4) संज्ञानात्मक

**129.** चॉम्स्की के अनुसार

(1) भाषिक क्षमता विद्यालय से प्राप्त होती है

(2) भाषा अनुकरण से ही सीखी जाती है

(3) भाषा सीखने में समाज का स्थान सर्वोपरि है

(4) भाषिक क्षमता जन्मजात होती है

**130.** भाषा की कक्षा में मुद्रित समृद्ध परिवेश कैसे रचा जा सकता है?

(1) केवल विविध आकर्षक पुस्तकें सजाकर

(2) दीवारों पर केवल आकर्षक पोस्टर लगाकर

(3) कहानी, कविता के पोस्टर व बच्चों के कामों को कक्षा में प्रदर्शित कर

(4) दीवारों पर सूक्तियाँ एवं उपदेशात्मक बातें लिखकर

**131.** निशिता अपने सहपाठियों से ठीक तरह से बात करती है परंतु कक्षा में उत्तर देते समय हकलाती है। वह संभवतः

(1) कक्षा में हँसी का माहौल पैदा करना चाहती है

(2) घर से पाठ याद करके नहीं आती है

(3) जानबूझकर ऐसा करती है जिससे उससे सवाल न पूछे जाएँ

(4) बड़े समूह में अपनी बात कहने में दबाव महसूस करती है

**132.** 'सुनना-बोलना' कौशलों के विकास के लिए सर्वोत्तम विधि कौन-सी हो सकती है?

(1) कविता याद करवाकर बुलवाना

(2) कक्षा के कुछ बच्चों द्वारा पाठ के अनुच्छेद पढ़कर सुनाना

(3) अंत्याक्षरी गतिविधि का आयोजन करना

(4) कहानी कहना और उस पर बच्चों की प्रतिक्रिया जानना

**133.** हिन्दी की कक्षा में प्रायः हिन्दीतर-भाषी बच्चे अरुचि प्रदर्शित करते हैं, क्योंकि

(1) अध्यापक उनकी भाषा संबंधी त्रुटियों को सहजता से स्वीकार नहीं करते

(2) उन्हें अपनी भाषा के प्रति विशेष लगाव होता है

(3) उन्हें तुलनात्मक रूप से हिन्दी बहुत कठिन लगती है

(4) उन्हें हिन्दी सीखने का उपयोग नज़र नहीं आता

**134.** बच्चों के भाषा विकास के लिए निम्नलिखित में से किसकी अनुशंसा सर्वोत्तम होगी?

(1) ऐसा अध्यापक जो भाषा के नियमों की समग्र जानकारी दे सके

(2) घर का ऐसा परिवेश जहाँ मानक भाषा बोली जाती हो

(3) घर तथा पास-पड़ोस का ऐसा परिवेश जहाँ बोलने-सुनने के बहुत-से अवसर सुलभ हों

(4) ऐसे अभिभावक जो तरह-तरह की श्रव्य सी० डी० लाकर सुनाते हों

**135.** गोमती 'श' को 'स' बोलती है। आप उसे टोकती नहीं हैं और सहज अभिव्यक्ति के अवसर देती हैं परंतु चिंतित हैं कि किस तरह से उसका उच्चारण ठीक करवाया जाए। आप

(1) उसे चेतावनी देंगी कि एक निश्चित कक्षा तक ही यह गलती सहन की जाएगी

(2) उसके अभिभावक को कहेंगी कि उसे 'श' और 'स' का पृथक्-पृथक् अभ्यास करवाएँ

(3) उसे 'श' और 'स' के अंतर को लिखकर समझाएँगी

(4) 'श' और 'स' के प्रयोग वाली श्रवण सामग्री सुनने के अनेक अवसर देंगी

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **136–143**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

मेरे बड़े भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े थे, लेकिन केवल तीन दरजे आगे। उन्होंने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था जब मैंने शुरू किया, लेकिन तालीम जैसे महत्त्व के मामले में वह जल्दबाजी से काम लेना पसंद न करते थे; इस भवन की बुनियाद खूब मज़बूत डालना चाहते थे, जिस पर आलीशान महल बन सके। एक साल का काम दो साल में करते थे। कभी-कभी तीन साल भी लग जाते थे। बुनियाद ही पुख़्ता न हो तो मकान कैसे पायदार बने।

मैं छोटा था, वे बड़े थे। मेरी उम्र नौ साल की थी, वे चौदह साल के थे। उन्हें मेरी निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी बात में थी कि उनके हुक्म को कानून समझूँ। वह स्वभाव के बड़े अध्ययनशील थे। हरदम किताब खोले बैठे रहते और शायद दिमाग को आराम देने के लिए कभी कॉपी पर, कभी किताब के हाशियों पर, चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों की तस्वीरें बनाया करते थे। कभी-कभी एक ही नाम या शब्द या वाक्य दस-बीस बार लिख डालते। कभी एक शेर को बार-बार सुंदर अक्षरों में नकल करते। कभी ऐसी शब्द-रचना करते जिसमें न कोई अर्थ होता, न कोई सामंजस्य। जैसे एक बार उनकी कॉपी पर मैंने इबारत देखी—स्पेशल, अमीना, भाइयो-भाइयो, भाई-भाई, श्रीयुत् राधेश्याम—इनके बाद आदमी का चेहरा बना हुआ था। मैंने बहुत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई हल निकालूँ, लेकिन असफल रहा और उनसे पूछने का साहस न हुआ। वे नवीं कक्षा में थे, मैं पाँचवीं में। उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटा मुँह और बड़ी बात थी।

—मुंशी प्रेमचंद

**136.** उम्र में पाँच साल का और पढ़ाई में दो कक्षाओं का अंतर बताता है कि

(1) छोटे भाई की उम्र घटा दी गई थी

(2) बड़ा भाई पढ़ने में तेज न था

(3) छोटा भाई एक वर्ष में दो कक्षाएँ उत्तीर्ण कर गया था

(4) बड़े भाई को देर से स्कूल भेजा गया था

137. कॉपी पर लिखे शब्दों व चित्रों से किस मनःस्थिति का पता चलता है?

(1) भटकाव

(2) एकाग्रता

(3) अध्ययनशीलता

(4) दत्तचित्त होना

138. 'तालीम' शब्द है

(1) देशज

(2) आगत

(3) तत्सम

(4) तद्‌भव

139. 'छोटा मुँह बड़ी बात' मुहावरे का अर्थ है

(1) बात को बढ़ा देना

(2) आयु में छोटा होना

(3) छोटा होकर भी बड़ी-बड़ी बातें कहना

(4) गुणी और समझदार होना

140. 'सामंजस्य' शब्द का समानार्थी है

(1) तालमेल

(2) मेल-जोल

(3) समता

(4) बराबरी

141. ''मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े थे, लेकिन केवल तीन दरजे आगे।'' इस वाक्य का प्रकार है

(1) सरल

(2) संयुक्त

(3) मिश्र

(4) जटिल

142. बड़ा भाई किस अधिकार से लेखक पर निगरानी रखता है?

(1) बड़ी कक्षा में होने से

(2) पिता के निर्देश पर

(3) बड़ा होने के नाते

(4) शक्तिशाली होने के कारण

143. ''बुनियाद ही पुख़्ता न हो तो मकान कैसे पायदार बने।'' छोटे भाई के उक्त कथन में निहित है

(1) आदर

(2) सत्य

(3) हास्य

(4) व्यंग्य

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **144–150**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

रिक्शे पर मीरा के साथ हँसती-बोलती ऋतु घर पहुँची। सीढ़ियाँ चढ़ने लगी तो कुछ झगड़ने की आवाज़ें सुनाई दीं। ऊपर पहुँची तो देखा, दोनों आजू-बाजू वाली पड़ोसनें झगड़ रही थीं। अपने दरवाज़े के पास खड़ी होकर उसने कुछ देर उनकी बातें सुनीं तो झगड़े का कारण समझ में आया। एक की महरी ने घर साफ़ करके कचरा दूसरी के दरवाज़े की ओर फेंक दिया था, इसी बात का झगड़ा था। ऋतु ने दोनों को समझाया-बुझाया। आखिरकार कचरा फेंकने वाली महरी को बुलाया गया। उसने झाड़ू थामी और कचरा सीढ़ी की ओर धकेल दिया। फिर वह महरी अंदर चली गई। दोनों पड़ोसनों ने भी अंदर जाकर अपने-अपने द्वार बंद कर लिए।

ऋतु खड़ी-खड़ी देखती रही। जो सीढ़ी पहले से ही गंदी थी वह और भी गंदी हो गई। रेत का तो साम्राज्य ही था। कहीं बादाम के छिलके पड़े थे तो कहीं चूसी हुई ईख के लच्छे; कहीं बालों का गुच्छा उड़ रहा था तो कहीं कुछ और। मन वितृष्णा से भर उठा। सोचा, इस सीढ़ी से चढ़कर सब अपने घर तक आते हैं, इससे उतरकर दफ़्तर, बाज़ार आदि अपनी इच्छित जगहों पर जाते हैं, पर इसे कोई साफ़ नहीं करता। उलटे सब इस पर कचरा फेंक देते हैं। साझे की सीढ़ी है न! गंदगी बिखेरने का हक सबको मिला है और साफ़ करने का कर्तव्य किसी का नहीं है। स्वच्छता तो जैसे अनबुझी तृष्णा हो गई।

**144.** ऋतु को कैसी आवाज़ें सुनाई दी?

(1) उठाने-पटकने की
(2) हँसने-बोलने की
(3) खेलने-कूदने की
(4) लड़ने-झगड़ने की

**145.** 'महरी' किसे कहा जाता है?

(1) महर की पत्नी
(2) कामवाली
(3) पड़ोसन
(4) अनजान औरत

**146.** ऋतु का मन घृणा से भर गया, क्योंकि

(1) दोनों पड़ोसनों ने दरवाज़े बंद कर दिए थे
(2) उसने नहाया नहीं था
(3) पड़ोसनें लड़ रही थीं
(4) सीढ़ियों में कचरा फैल गया था

**147.** "सीढ़ी से चढ़कर आते हैं।"
उपर्युक्त वाक्य किस भेद के अंतर्गत आएगा?

(1) आदेश
(2) सरल
(3) संयुक्त
(4) मिश्र

**148.** अनुच्छेद में 'घृणा' का पर्यायवाची शब्द है

(1) तृष्णा
(2) झगड़ना
(3) वितृष्णा
(4) साझा

**149.** अनुच्छेद का संदेश है

(1) स्वच्छता सबका कर्तव्य
(2) हँसते-बोलते रहना
(3) पड़ोसिनों का धर्म
(4) कामवाली का उत्तरदायित्व

**150.** 'दफ़्तर-बाज़ार' शब्द हैं

(1) आगत
(2) तत्सम
(3) तद्भव
(4) देशज

★ ★ ★

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ़ कार्य के लिए जगह

[ P.T.O.

SEAL

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **काले/नीले बॉलपॉइंट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर-पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर-पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाजिरी-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर-पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर-पत्र दिए बिना एवं हाजिरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाजिरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान हाजिरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर-पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Black/Blue Ballpoint Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the Examination Halls/Rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall/Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***